तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 माकड़ी जा रहे युवकों की बाइक पेड़ से टकराई...



11 अंतिम व्यक्ति तक योजना पहुंचाने कलेक्टर ...



## खबर संक्षेप



### जन-जागरुकता में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका

**जगदलपुर।** सुषमा विंग्स ऑफ कैंसर सपोर्ट सोसायटी द्वारा बस्तर विकासखंड की मितानिनों के लिए कैंसर जागरुकता एवं प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 203 मितानिनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान एवं समय पर उपचार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण सत्र के मुख्य प्रशिक्षक एवं वक्ता डॉ. महेश मिश्रा रहे। उन्होंने कैंसर के लक्षण, जोखिम कारक, बचाव के उपाय, नियमित जांच के महत्व तथा जन-जागरूकता में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने मितानिनों से अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बीएमओ दिलीप दीवान, बीपीएम राजेंद्र बघेल, मलेरिया विभाग से भुलेश्वर नायक, ब्लॉक समन्वयक चंद्रकला बघेल, तामेश्वरी सिन्हा एवं लोलीना जांगड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं व्यवस्थाओं में सुषमा विंग्स ऑफ कैंसर सपोर्ट सोसायटी की अध्यक्ष शशि गुप्ता के नेतृत्व में संस्था की सदस्य प्रगति जैन, वंदना मिश्रा, संगीता बैद, कल्पना सेठी, दीपाली श्रीवास्तव, बिमला साहू एवं गीता सिंह का विशेष सहयोग रहा। सोसायटी की अध्यक्ष ने कहा कि सुषमा विंग्स ऑफ कैंसर सपोर्ट सोसायटी भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को कैंसर के प्रति सजग एवं स्वस्थ बनाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

### संजय बाजार से पिकअप पार करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित संजय बाजार से पिकअप वाहन की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने पिकअप के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिकअप का पूर्व चालक था जिसकी शिनाख्त सीसीटीवी फूटेज के आधार पर की गई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन, एएसपी माहेश्वर नाग व सीएसपी सुमित कुमार के निर्देश व नगर निरीक्षक लीलाधर राठौर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर पतासाजी की जा रही थी। टीम द्वारा पतासाजी के दौरान संजय मार्केट एवं शहर के विभिन्न स्थानों में लगे सीसीटीव्ही फूटेज का अवलोकन किया गया और सीसीटीव्ही फूटेज के आधार पर आरोपी की शिनाख्त उक्त पिकअप वाहन का पूर्व चालक करण नाग उर्फ लक्की 23 वर्ष निवासी मैत्री संघ गली कुम्हारपारा स्थायी निवास ▶▶| शेष पेज 10 पर

# बीजापुर व नारायणपुर उपजेल का जिला जेल में किया गया उन्नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सल प्रभावित नारायणपुर व बीजापुर उपजेल का जिला जेल में उन्नयन किया गया है। दोनों जेलों में अब बंदियों के लिए सुविधाओं में इजाफा के साथ ही जेल की बंदी क्षमता में वृद्धि व उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं भी मिलेगी। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के अनुमोदन से राज्य शासन द्वारा उप जेल बीजापुर व नारायणपुर का उन्नयन कर जिला जेल के समकक्ष घोषित कर अधिसूचना जारी की गई है। अब दोनों जिले के जेलों में तीन वर्ष तक के सजायाफ्ता बंदियों को भी रखा जा सकेगा इससे पूर्व छह माह तक के ही सजायाफ्ता बंदियों को उप जेल में रखा जाता था। उप जेल

## दोनों जेलों में अब तीन वर्ष तक के सजायाफ्ता बंदी रह सकेंगे

### परिजनों को मिलेगी सुविधा

इससे पूर्व तक बंदियो के परिजनों को मिलने के लिए सेण्ट्रल जेल जगदलपुर आना पड़ता था। जिला जेल में उन्नयन के बाद अब परिजन दंतेवाड़ा या जगदलपुर की बजाए नारायणपुर व बीजापुर जेल में ही अपनों से मुलाकात कर सकेगें। इससे परिजनों के समय व पैसे की बचत के साथ ही परिजनों को दंतेवाड़ा या जगदलपुर जाने की बजाय स्थानीय स्तर पर ही मुलाकात करने की सुविधा मिलेगी तथा नक्सल प्रभावित व दूरस्थ इलाकों के गरीब परिवारों को लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी।





### बुनियादी ढांचे का होगा विकास

नारायणपुर व बीजापुर जेल को जिला जेल में उन्नयन करने से बंदियों के लिए सुविधाओं में इजाफा के साथ ही जेल की बंदी क्षमता में वृद्धि, उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं, सुधार एवं कौशल विकास, परिजनों को सुविधा, सुरक्षा जोखिम में कमी, बल की बचत एवं सुरक्षा व बुनियादी ढांचे का विकास होगा।

\- हिमांशु गुप्ता, डीजी जेल

बीजापुर व नारायणपुर को जिला जेल में उन्नयन के बाद अब बंदी क्षमता में वृद्धि के साथ ही बंदियों के लिए बेहतर और सुरक्षित माहौल के साथ स्थायी डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ जैसी बेहतर चिकित्सा सुविधाएं भी मिलने लगेगी। सुधार व कौशल विकास के तहत कैदियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए नए कौशल विकास और पुनर्वास कार्यक्रम शुरू होंगे। सजायाफ्ता बंदियों को अब केन्द्रीय जेल की बजाए जिला जेल में ही रखा जा सकेगा। इससे पूर्व छह माह से उपर के सजायाफ्ता बंदियों को जिला या केन्द्रीय जेल भेजा जाता था। लेकिन अब तीन वर्ष तक के सजायाफ्ता बंदियों को जिला जेल में रखा जा सकेगा। वहीं ▶▶| शेष पेज 10 पर

## स्कूलों में रामभरोसे चल रहा मध्याह्न भोजन, वर्षों बाद भी नहीं बने शेड

# तीन ईंटों के चूल्हे और रेंगते जहरीले जीवों के बीच पक रहा बच्चों का निवाला!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़

शासन-प्रशासन एक तरफ जहां शाला प्रवेश उत्सव मनाकर शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के बड़े-बड़े दावे करता है, वहीं दूसरी ओर मद्देड़ क्षेत्र के अंदरूनी इलाकों से लेकर नेशनल हाईवे सड़क तक अव्यवस्थाओं से मुक्ति ही नहीं मिल रही है। क्षेत्र के कई ऐसे सरकारी स्कूल हैं, जिन्हें संचालित हुए वर्षों बीत चुके हैं, लेकिन आज तक वहां बच्चों के लिए व्यवस्थित 'मध्याह्न भोजन शेड' नसीब नहीं हो सका है।

शेड के नाम पर सिर्फ चार खंभे और टिन, कहीं जुगाड़ तो कहीं खुले आसमान के नीचे रसोई घर संचालित हो रही है। वहीं क्षेत्र के स्कूलों में मध्याह्न भोजन की स्थिति बेहद दयनीय और चिंताजनक है। सालों से शालाएं लग रही हैं, वहां या तो शेड बना ही नहीं है और जहां बना भी है वह सिर्फ नाममात्र के चार खंभों के ऊपर टीन की चादरें डाल दी गई हैं, जो न तो धूप से बचा सकती हैं और न ही बारिश से। कई जगहों पर तो मध्याह्न भोजन बनाने वाले रसोइयों ने खुद अपने स्तर पर जुगाड़ कर अस्थाई शेड तैयार किया है, तो कहीं सिर्फ तीन ईंटों का चूल्हा रखकर खुले आसमान के नीचे नौनिहालों का निवाला पकाया जा रहा है।



### बरसात में बढ़ जाता है खतरा

सबसे भयानक और डरावनी स्थिति बारिश के दिनों में देखने को मिलती है। चूल्हा जमीनी सतह पर होने के कारण हल्की सी तेज बारिश में भी बुझ जाता है, जिससे बच्चों के भोजन में देरी होती है। इससे भी ज्यादा खतरनाक बात यह है कि बारिश के मौसम में जमीन गीली होने के कारण कीड़े-मकोड़े, सांप और बिच्छू जैसे जहरीले जीव-जंतु भोजन पकाने वाले स्थान के इर्द-गिर्द रेंगते नजर आते हैं। खुले में खाना बनने के कारण हर वक्त यह डर बना रहता है कि कोई जहरीला जीव दाल, सब्जी या उबलते चावल में न गिर जाए।

### निरीक्षण से गायब जिम्मेदार

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नया शाला सत्र शुरू होने के बाद भी आज तक किसी जिम्मेदार सीएसी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी या जिला स्तर के अधिकारी ने इन स्कूलों का रुख नहीं किया है। निरीक्षण करना तो दूर की बात, सत्र शुरू होने के बाद स्कूल सही ढंग से खुल रहे हैं या नहीं, यह पूछने वाला भी कोई नहीं है। अधिकारियों की इस घोर लापरवाही के कारण आज स्कूली बच्चे और रसोइये भगवान भरोसे हैं।



### सब कुछ पूर्व का: बीईओ कोर्राम

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विजय कोर्राम से फोन पर सम्पर्क करने पर उन्होंने कहा कि अभी मेरे आए साल भर भी नहीं हुआ है।मेरे कार्यकाल में कोई नये कार्य की भी स्वीकृति नहीं हुई, जो भी है सब पूर्व से बना हुआ हैं।

# 17 दुकानों से 3.2 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नगर पालिका परिषद बड़े बचेली द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया गया। नगर क्षेत्र की 17 दुकानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं भंडारण पाए जाने पर कुल 3.2 किलोग्राम प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर कुल 6700 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। इस संबंध में नगर पालिका परिषद बड़े बचेली ने सभी व्यापारियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, विक्रय एवं भंडारण पूर्णतः बंद करें तथा पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी नियमित जांच अभियान चलाकर नियमानुसार चालानी एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका परिषद बड़े बचेली ने नागरिकों से स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने में सहयोग करने की अपील की है। यह कार्यवाही राज्य प्रशासन एवं जिला प्रशासन के निर्देश में मुख्य नगर पालिका अधिकारी पी टीएम कृष्णा राव के मार्गदर्शन में पालिका द्वारा गठित सिंगल यूज प्लास्टिक निगरानी दल द्वारा किया गया।

- बचेली पालिका ने दुकानदारों पर लगाया 6700 का जुर्माना

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

कार्रवाई में दल प्रभारी अभियंता संतोष नेगी, पीआइयू मिलिंद बारीक, साह. राजस्व निरीक्षक पूरनबती, स्वच्छता प्रभारी हेमंत मंडावी, रणविजय सिंह, विश्वजीत मलिक, महेश बघेल एवं दीपा बघेल शामिल रहे।

# पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ ने बांटे बच्चों को पाठ्य सामग्री व छाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ जिला बस्तर के द्वारा प्राथमिक शाला के बच्चों को पाठ्य सामग्री तथा छाते बांटकर न्योता भोज कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास खंड बकावंड के प्राथमिक शाला डोंगरगुडा में गांव के बच्चों के बीच विविध कार्यक्रम आयोजित कर खुशियां बांटी। संघ के तत्वाधान में शाला के समस्त बच्चों को पाठ्य सामग्री पेन, कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर, स्केल तथा छाते का वितरण वितरण किया। स्कूली बच्चे सामग्री पा कर खुशी से झूमते नजर आए। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष तुलादास मानिकपुरी ने कहा कि छग पिछड़ा वर्ग अधिकारी संघ जाति वर्ग के ऊपर उठकर सभी समुदाय के लाभ और विकास के लिये कार्य करती है। सभी समुदाय के प्रतिभाओ को प्रतिवर्ष वृहद रूप से सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित करती है, जहां जरूरतमंद हो, गरीब बेसहारा को राशन और ठंड में गर्म कपड़े वितरित करती है। नन्हें परिंदो को बाज बनाने के लिये प्रोत्साहन देती है, आज ये छोटे छोटे कली के समान खिलने को आतुर बच्चे पाठ्य सामग्री और छाते पाकर कितने प्रसन्नचित्त नजर आ रहे है। बच्चों के चेहरे पे खिली ये खुशी ही ▶▶| शेष पेज 10 पर

- संघ जाति वर्ग के ऊपर उठकर समुदाय के लाभ व विकास पर कार्य करती : मानिकपुरी



### गोद लिये बच्चों को मिली सामग्री

प्राथमिक शाला मालगांव के माता-पिता विहीन दो बच्चे राजकुमार गोयल तथा कु. लछनी कश्यप को स्कूल के शिक्षक नीलमणी साहू द्वारा गत वर्ष से शैक्षिक व्यवस्था के तहत गोद लिए हुए हैं। उन्हें उनके द्वारा स्कूलों बैग, कॉपी, पेन, पेन्सिल, पानी बॉटल समेत आवश्यक पाठ्य सामग्रीयों का वितरण किया गया।

# कांग्रेस ने किया पीएम व शिक्षा मंत्री का पुतला दहन



**जगदलपुर।** रिमझिम बारिश के बीच शाम को शहर के राजीव भवन में कांग्रेस कमेटी द्वारा नीट पेपर लीक, छात्रों पर लाठीचार्ज और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने के विरोध में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, पूर्व विधायक रेख चंद जैन, सूर्या पानी, गौरनाथ, युवा कांग्रेस सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल रहे।

सीएएफ का बर्खास्त जवान दो बार जिला जेल के बाद सेण्ट्रल जेल की फांदी थी दीवार

# केन्द्रीय जेल की दीवार फांदकर फरार बंदी नारायणपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लगभग चार माह पूर्व सजायाफ्ता बंदी जो सीएएफ का बर्खास्त जवान था ने सेंट्रल जेल की उंची दीवार फांद कर फरार हो गया था। बंदी को गिरफ्तार कर एक बार फिर जेल भेज दिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत थी आखिरकार सात दिन तक नारायणपुर में रेकी करने के बाद सायबर सेल की टीम घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार करने में सफल रही।

फरार दंडित बंदी को पकड़ने के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी महेश्वर नाग, सीएसपी सुमित कुमार धोत्रे व डीएसपी साइबर सेल अमित देवांगन के मार्गदर्शन पर टीआई कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। सीएसपी सुमीत कुमार ने बताया कि 5 वर्ष 3 माह की सजा भुगत रहे केन्द्रीय जेल जगदलपुर से फरार दंडित बंदी महेन्द्र दीवान 25 वर्ष निवासी चितालंका कलारपारा थाना दंतेवाड़ा इससे पूर्व दंतेवाड़ा व कांकेर जिला जेल से फरार हो चुका है जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। दंडित बंदी 4 जनवरी 2026 को जिला जेल दंतेवाड़ा से स्थानांतरण पर परिरूद्ध होकर केन्द्रीय जेल जगदलपुर में सजा भुगत रहा था। इसी दौरान 25 मार्च को वह केन्द्रीय जेल जगदलपुर से फरार हो गया था। जेल प्रशासन की रिपोर्ट पर उसके खिलाफ कोतवाली थाना में धारा 262 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। इससे पूर्व भी दंडित बंदी दंतेवाड़ा जेल व डिमरापाल अस्पताल से भी जेल से ईलाज के लिए लाए जाने पर फरार हो गया था। टीम द्वारा लगातार पतासाजी के दौरान फरार बंदी के नारायणपुर जिले में कहीं छुपे रहने की सूचना मिली जिसके आधार पर फरार बंदी की धरपकड़ के लिए टीम द्वारा नारायणपुर जिले में एक सप्ताह से कैम्प कर रेकी ▶▶| शेष पेज 10 पर

- पुलिस को लगातार दे रहा था चकमा, सायबर टीम को मिली सफलता



### गिरफ्तारी में इनका रहा योगदान

फरार बंदी की गिरफ्तारी में कोतवाली टीआई लीलाधर राठौर व साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक भोलासिंह राजपूत के अलावा एसआई अरूण मरकाम, पीएसआई भूपेन्द्र पैकरा, प्रधान आरक्षक मौसम गुप्ता, आरक्षक माहंगु राम व कृष्ण कुमार नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अमनिया भोग लेने लगी लंबी कतारें, जनकपुरी में सातवें दिन भी रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भगवान जगन्नाथ के जनकपुरी में विश्राम के सातवें दिन भी श्रद्धालु भगवान के दर्शन लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में जनकपुरी सिरहासार भवन पहुंच रहे है। श्रद्धापूर्वक भगवान जगन्नाथ के सम्मुख सत्यनारायण भगवान की कथा सुन रहे हैं। 7 वें दिन भोग प्रसाद अमिया धुनपुर, मिर्कुचि, अलवाई कवर गांव सुदापाल, करांदोला, चपका फरसा गुडा, आमाबाल क्षेत्र लोगो द्वारा भगवान जगन्नाथ को लगाया गया।

अमनिया भोग प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। जनकपुरी (सिरहासार भवन) में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा का अलौकिक संध्या दर्शन आड़प मंडप दर्शन आयोजित किया गया। शाम ढलते ही पूरा परिसर महाप्रभु के जयकारों और शंखध्वनि से गूंज उठा भगवान को विशेष छप्पन भोग एवं विभिन्न प्रकार के 'अमनिया' अर्पित किए गए। दर्शनार्थियों के बीच महाप्रसाद का वितरण निरंतर जारी है। पर्व का पूरा संचालन बस्तर की परंपरा के अनुसार आरण्यक ब्राह्मण समाज के पुजारियों द्वारा पूरी वैदिक रीति-नीति और कड़े नियमों के साथ संपन्न कराया जा रहा है।



## यूरिया की कोई कमी नहीं, डीएपी व पोटाश का भी पर्याप्त स्टॉक

# धान की बजाय मोटे अनाज की खेती करने पर मिलेंगे 15 हजार प्रति एकड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मानसून शुरू होने से कृषक खेती किसानी में लग चुके हैं। बस्तर के किसानों में जागरूकता की कमी के कारण वे सरकारी लाभों से वंचित रह जाते हैं। किसानों को वर्तमान में मिलने वाले लाभों के बारे में कृषि अधिकारी राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि किसानों को धान की खेती छोड़ कर अगर किसान मोटे अनाज मक्का, ज्वार, बाजरा, रागी आदि मोटे अनाज की खेती करते हैं तो शासन उन्हें 15000 रुपए प्रति एकड़ की दर से देगी।

बस्तर में अधिकतर किसान अपने परंपरागत मोटे अनाज की खेती छोड़ कर धान की खेती कर रहे है। मोटे अनाजों की ओर किसानों को प्रोत्साहन हेतु शासन ने यह राशि देने की घोषणा की है। कृषि अधिकारी ने बताया कि अब यूरिया की कोई कमी नहीं है, कृषक जो यूरिया पहले 3 बार में ले जाते थे, उसे अब एक बार में ले जा सकते हैं। इसके साथ ही कहा कि डीएपी और पोटाश का भी पर्याप्त स्टॉक है, जिसे लेम्पस के माध्यम से हमारे कृषक ले सकते है। जिन किसानों ने बीज, बाजार से खरीदा है, उसका बिल उपलब्ध करवाने से खरीदी गई बीज की राशि का भुगतान कार्यालय द्वारा कर दिया जाएगा।



### नुकसान की भरपाई बीमा कंपनी करेगी

कृषि अधिकारी ने बताया कि बस्तर के किसानों को फसल बीमा भी जरूर करवाना चाहिए, अधिकतर किसान जानकारी के अभाव में फसल बीमा नहीं करवाते और प्राकृतिक आपदा में फसल नष्ट होने पर नुकसान का सामना करते है। बस्तर में कभी अति वृष्टि, ओला वृष्टि, तथा सूखा पड़ने फसल नष्ट हो जाते है। इन नुकसान से बचने के लिए किसान को बीमा करवाना चाहिए। अगर किसी कृषक की प्राकृतिक आपदा में फसल नष्ट हो जाता है तो इस नुकसान की भरपाई बीमा कंपनी करेगी इससे किसानों को आर्थिक नुकसान नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### आधुनिक खेती से किसान ग्रीक चंद की बढ़ी आय



**कोण्डागांव।** जिले के कुम्हारपारा निवासी प्रगतिशील किसान ग्रीक चंद पटेल ने आधुनिक कृषि तकनीकों, नैनो उर्वरकों और शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर खेती को अधिक लाभकारी बनाया है। धान के साथ सब्जी उत्पादन अपनाकर उन्होंने आय और उत्पादन दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि की है। ग्रीक चंद पटेल खरीफ और रबी दोनों मौसम में खेती करते हैं। धान के साथ मौसमी सब्जियों का उत्पादन कर वे फसल विविधीकरण के माध्यम से वर्षभर अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने खेती में नैनो उर्वरकों का उपयोग शुरू किया है, जिससे फसलों की गुणवत्ता, पोषक तत्वों की उपलब्धता और उत्पादन में सकारात्मक सुधार देखने को मिला है। किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी से कृषि कार्यों के लिए वित्तीय सहायता तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से मिलने वाली राशि खेती के संसाधनों की व्यवस्था में सहायक साबित हो रही है। आधुनिक तकनीक, जैविक खादों के उपयोग और फसल विविधीकरण अपनाकर ग्रीक चंद पटेल ने खेती को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनाया है। उनकी सफलता जिले के अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन रही है।

### ग्राम तमरावंड के अद्यतन नक्शा खसरा का हुआ अंतिम प्रकाशन

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत छत्तीसगढ़ भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 67(1) के अंतर्गत ग्राम तमरावंड, पटवारी हल्का क्रमांक–25, राजस्व निरीक्षक मंडल बीजापुर, तहसील माकड़ी में राजस्व सर्वेक्षण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। धारा 107 एवं 114 के नियमों के अनुसार कृषकों के वास्तविक कब्जे के आधार पर सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के बाद प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान प्राप्त दावा–आपत्तियों का नियमानुसार निराकरण किया गया। दावा–आपत्तियों के निराकरण के पश्चात ग्राम तमरावंड का अद्यतन नक्शा एवं खसरा तैयार कर उसका अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इससे ग्राम के भूमि अभिलेख अद्यतन एवं अधिक प्रमाणिक हो गए हैं।

### 'विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा' जिला स्तरीय प्रतियोगिता कल

**कोण्डागांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, भारत शासन के तत्वावधान में जिले में 'विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा' कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 24 जुलाई को किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करना और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा माई भारत पोर्टल पर नशा मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में लोकगीत, लोकनृत्य, नुक्कड नाटक, मूक अभिनय, पेंटिंग, वक्तृत्व कला, शॉर्ट फिल्म रील, स्लोगन लेखन एवं कविता लेखन जैसी विभिन्न विधाओं को शामिल किया गया है। प्रतिभागी अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, स्वस्थ जीवनशैली, युवाओं की भूमिका और नशे से बचाव जैसे विषयों पर जागरूकता का संदेश देंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 24 जुलाई को सुबह 9 बजे कनेरा रोड स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित होगी। प्रत्येक विधा के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। जबकि प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कोण्डागांव जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इच्छुक प्रतिभागी वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, खेल इंडिया सेंटर कोण्डागांव से संपर्क कर सकते हैं।

# किसान, आदिवासियों व व्यापार समझौते के मुद्दे पर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

## अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के विरोध में किसान यूनियन का प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ के किसानों, आदिवासियों एवं ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध छत्तीसगढ़ के लोगों का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है और आदिवासी समाज शोषण व बेदखली जैसी समस्याओं का सामना कर रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि राज्य को माओवाद मुक्त घोषित किए जाने के बावजूद ऐसे कई ग्रामीण और आदिवासी अब भी जेलों में बंद हैं, जिन पर आरोप है कि उन्होंने कभी कथित माओवादियों को राशन या अन्य छोटी-मोटी सहायता दी थी। ज्ञापन में ऐसे मामलों की निष्पक्ष समीक्षा कर निर्दोष लोगों को न्याय दिलाने की मांग की गई। इसके साथ ही प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी चिंता व्यक्त कीगई। ज्ञापन में कहा गया कि यदि कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क कम किया गया तो सस्ते अमेरिकी कृषि उत्पाद भारतीय बाजार में पहुंचेंगे, जिससे पहले से एमएसपी की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा।



### आजीविका प्रभावित होने की आशंका

*ज्ञापन में आशंका जताई गई कि अमेरिकी डेयरी उत्पादों के आयात से देश के छोटे और सीमांत दुग्ध उत्पादकों की आजीविका प्रभावित होगी। बीजों पर कॉर्पोरेट नियंत्रण का मुद्दा उठाते हुए कहा गया कि पेटेंट आधारित बीज व्यवस्था लागू होने से किसानों की पारंपरिक बीज संरक्षण व्यवस्था कमजोर होगी और उनकी स्वायत्तता प्रभावित होगी। ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से मांग की गई कि किसानों और आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं तथा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर पुनर्विचार करते हुए इसे रद्द करने की दिशा में पहल की जाए।*

## केरावाही-बालोड़ मोड़ के आगे जंगल के पास हादसा

# माकड़ी जा रहे युवकों की बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



कोण्डागांव जिले के गिरोला-रांधना मार्ग पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक से माकड़ी जा रहे दो युवक में एक की मौत हो गई। हादसे में एक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 8:30 बजे केरावही-बालोड़ मोड़ से लगभग एक किलोमीटर आगे जंगल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मांझीबोरण्ड निवासी राजकुमार मरकाम (25 वर्ष) पिता सुखदेव मरकाम और कड़ईबेड़ा निवासी अनिल नेताम (24 वर्ष) बाइक से माकड़ी हमाली कार्य के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल कोण्डागांव लाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजकुमार मरकाम को मृत घोषित कर दिया। वहीं अनिल नेताम का उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उसके एक पैर में फ्रैक्चर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं।

### गांव में शोक की लहर

हादसे की सूचना मिलते ही मांझीबोरण्ड में शोक व्याप्त हो गया। लोगों का कहना है कि वह घर का कमाने वाला सदस्य था। निधन के बाद परिवार में एक सदस्य कम हो गया है। दूसरी तरफ कड़ईबेड़ा से अनिल के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा था।

### पुलिस ने शुरू की जांच

हादसे की सूचना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण तेज रफ्तार और बाइक का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में रफ्तार में नियंत्रण रखें। इस समय पानी गिरने के कारण सड़क पर अक्सर फिसलन रहती है। रफ्तार तेज होने पर कई बार वाहन को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है।

दो महिलाओं को किया जिला अस्पताल रेफर

# छोटेराजपुर में आवारा कुत्ते ने मां बेटी समेत पांच लोगों को काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम छोटेराजपुर में बुधवार को एक आवारा कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। कुत्ते ने अलग-अलग स्थानों पर पांच लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायलों में दो महिलाओं को गंभीर हालत में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम छोटेराजपुर निवासी फूलों बाई और उनकी बुजुर्ग मां सनबती नेताम घर के सामने कमरे में बैठी थीं। इसी दौरान एक आवारा कुत्ता अचानक वहां पहुंचा और सनबती नेताम पर हमला कर दिया। मां को बचाने के लिए बीच-बचाव करने पहुंची फूलों बाई को भी कुत्ते ने हाथ में काट लिया। हमले में सनबती नेताम की आंख, होंठ, नाक और उंगली पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि फूलों बाई की उंगली में गहरा घाव हुआ है। दोनों को पहले फरसगांव अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, इसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### आवारा कुत्ते को पकड़ने की मांग

घायल महिलाओं ने बताया कि इसी आवारा कुत्ते ने बुधवार को गांव के अन्य तीन लोगों को भी काटा है, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। घटना के बाद गांव में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से आवारा कुत्ते को पकड़ने तथा लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# अनाचार का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**कोण्डागांव।** थाना पुलिस ने बलात्कार के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर थाना कोंडागांव में आरोपी रूपेन कुमार सोरी 23 वर्ष, निवासी काकड़ाबेड़ा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देश पर गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर काकड़ाबेड़ा में घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने विधिवत गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

# छात्राओं को महिला अधिकार, साइबर सुरक्षा निःशुल्क विधिक सहायता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के तत्वावधान में शासकीय पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रवास में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं को कानून, महिला सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। अधिकार मित्र तरुणा ध्रुव एवं पूर्णिमा भंडारी ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 181, सखी वन स्टॉप सेंटर की सुविधाओं तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता एवं परामर्श के बारे में जानकारी दी। शिविर में बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध, महिला संरक्षण कानून, पाक्सो अधिनियम, बाल श्रम, रैगिंग प्रतिषेध अधिनियम तथा महिलाओं के समानता, सम्मान और गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार पर विस्तार से चर्चा की गई। छात्राओं को ऑनलाइन हरासमेंट, साइबर बुलिंग, साइबर स्टॉकिंग, डीपफेक तकनीक, ब्लैकमेलिंग और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल शिकायत करने की सलाह दी गई। शिविर में छात्राओं से कानून का सम्मान करने, नशा एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाने तथा अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी पालन करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में छात्रवास अधीक्षिका श्रीमती मथनी मंडावी, अधिकार मित्र तरुणा ध्रुव, पूर्णिमा भंडारी, छात्रावास स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# चिचपोलंग में आयल पाम पौधरोपण अभियान शुरू



**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन ऑयल पाम के अंतर्गत संचालित प्लांटेशन ड्राइव कार्यक्रम के तहत ग्राम चिचपोलंग में आयल पाम पौधरोपण किया गया। अभियान के तहत किसान श्री झोडिया कोर्राम की 2.5 एकड़ निजी भूमि में 125 आयल पाम पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उद्यान अधीक्षक लोकेश्वर प्रसाद ध्रुव ने आयल पाम की उन्नत खेती, विपणन व्यवस्था और प्रति एकड़ संभावित आय की जानकारी देकर की। उन्होंने किसानों को इस लाभकारी फसल को अपनाने के लिए प्रेरित किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम ने किसानों से अधिक से अधिक आयल पाम पौधरोपण कर अपनी आय बढ़ाने की अपील की। वहीं जनपद सदस्य श्रीमती नीलावती नाग ने भी आयल पाम योजना के लाभों की जानकारी देते हुए किसानों को योजना से जुड़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा हितग्राही किसान को कार्यादेश, पत्रक एवं अनुबंध पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच विजय सोढ़ी, पंचगण, विभागीय अधिकारी श्रीमती इंद्राणी पेगड़ संतुराम नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं किसान उपस्थित रहे।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर विविध आयोजन

# पुलिस ने विद्यार्थियों के लिए रंगोली, चित्रकला निबंध लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुलिस ने विद्यार्थियों के लिये रंगोली, चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन, व्यक्तित्व, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान तथा राष्ट्रीय एकता एवं कर्तव्य बोध के प्रति जागरुकता विकसित करना था।

पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरुण नेताम के मार्गदर्शन में देश के लौह पुरूष, राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता के शिल्पकार सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती वर्ष पर बुधवार को विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा, कला कौशल एवं विचारों के माध्यम से सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं उनके राष्ट्र निर्माण के योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में राज किशोर राठी, जनपद सदस्य हिडमो कुंजाम, राजकुमारी, पार्षद भूपेश चन्द्राकर, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णदत उपाध्याय, संस्था के प्राचार्य राकेश विश्वकर्मा तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। आतिथियों ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में राष्ट्र भक्ति, अनुशासन, रचनात्मक सोच, एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते है।

### ये रहे विजेता

निबंध प्रतियोगिता में सालिनी निर्मलकर प्रथम, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिज्ञा मण्डावी प्रथम, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम नादिया, मालती प्रथम रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। थाना केशकाल पुलिस ने विश्वास व्यक्त किया की इस प्रकार के रचनात्मक एवं जन जागरूकता आधारित कार्यकमों से युवाओं में राष्ट्रीय मूल्यों, सामजिक उत्तरदायित्व तथा कानून के प्रति सम्मान की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी।

इस अवसर पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरुण नेताम, थाना प्रभारी केशकाल विकास बघेल, प्रशिक्षु उप. निरीक्षक धमेन्द्र कुमार प्रधान आरक्षक ईश्वर नेताम, महिला प्रधान आरक्षक महेश्वरी शडिल्य आरक्षक दीपक ध्रुव, मनोहर निषाद, अजय सलाम, सहित पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### शपथ पत्र (नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में)

मै लच्छीन (माता / **पिता** / पालक का नाम) **सुपुत्र** /पुत्री **सुकधर** निवासी- ब्रेहबेड़ा तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर एतद् द्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूँ और निम्नानुसार घोषित करता हूँ ।

1. मै ब्रेहबेड़ा तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर का स्थायी निवासी हूँ।
2. मै अपने नाबालिग पुत्र/**पुत्री सनिता** से बदलकर **मनिता** करवाना चाहता/चाहती हूँ ।
3. मै अपने पुत्र/ **पुत्री** का नाम बदलकर यदि कोई कानूनी काम करता/करती हू तो उसके लिये स्वयं जिम्मेदार रहूंगा / रहूंगी।
4. मेरी **पत्नी**/ पति **मन्दाय** (**पत्नी** / पति का नाम) को हमारे / हमारी नाबालिग पुत्र / **पुत्री** के नाम बदलने मे कोई आपत्ति नहीं हैं
5. मै यह शपथ पत्र अपने पुरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा/ रही हू तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा/ रही हू ।

**शपथकर्ता- लच्छीन**

**सत्यापन-** मैं लच्छीन (माता / **पिता** / पालक का नाम) **सुपुत्र**/ पुत्री सुकधर निवासी - ब्रेहबेड़ा तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर शपथकर्ता/ शपथकर्ती- सत्यापित करता/ करती हूं कि शपथ पत्र कि कंडिका 1 से 5 तक कि बातें सत्य व सही है। आज दिनांक 22/07/2026 को नारायणपुर मे अपना हस्ताक्षर किया हूँ।

**शपथकर्ता- लच्छीन**

**श्रीमान पब्लिक नोटरी नारायणपुर जिला नारायणपुर**

**//शपथ पत्र//**

मैं **रमिली** उम्र- 25 वर्ष (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) **सुपुत्र** / सुपुत्री / पत्नी **सूरजलाल कौड़ो** निवासी- केरलापाल तहसील व जिला नारायणपुर एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता / करती हूं तथा निम्नानुसार घोषित करता/ करती हूं।

1. मैं केरलापाल तहसील व जिला नारायणपुर का / की स्थायी निवासी हूं।
2. मेरा पुराना नाम **रमिली** है और मैं अपना नाम बदलकर **प्रमिला** (नया नाम) करवाना चाहता/ चाहती हूं।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय मे कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता / करती हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा / रहूंगी ।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा / रही हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।

**शपथकर्ता- प्रमिला**

**सत्यापन-** मैं **रमिली** उम्र 25 वर्ष (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) **सुपुत्र**/ सुपुत्री/ पत्नी **सूरजलाल कौड़ो** निवासी- केरलापाल तहसील व जिला नारायणपुर शपथकर्ता/ शपथकर्ती सत्यापित करता/ करती हूं कि शपथ पत्र कि कंडिका 1 से 5 तक कि बातें सत्य व सही है। आज दिनांक- 21/07/2026 को नारायणपुर में अपना हस्ताक्षर किया हूँ।

**शपथकर्ता- प्रमिला**

## पेज 9 के शेष

### बीजापुर व नारायणपुर ...

जेल मेन्यूल के मुताबिक तीन वर्ष से अधिक सजायाफ्ता बंदियों को सेण्ट्रल जेल में रखने का प्रावधान है।

बल की बचत के साथ बजट में वृद्धि : जिला जेल बनने के बाद अब इसका लाभ प्रशासन को भी मिलेगा बंदियों को ट्रांसपोर्ट में आने वाले खर्च की बचत के साथ ही सुरक्षा खतरा भी नहीं होगा और कैदियों को एक जिले से दूसरे जिले ट्रांसपोर्ट करने का खतरा समाप्त होगा। इसके अलावा कैदियों के ट्रांसफर में लगने वाली पुलिस का इस्तेमाल क्षेत्र की कानून-व्यवस्था में किया जा सकेगा। जिला जेल में उन्नयन के बाद अब बजट व सेटअप में वृद्धि के साथ नए पद जेल अधीक्षक, जेलर, जेल प्रहरी और मेडिकल स्टाफ जैसे नए पदों के बनने से स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी।

### संजय बाजार से ...

ग्राम पतोड़ा थाना फरसगांव जिला कोण्डागांव के रूप में हुई। पता तलाश के दौरान पल्ली नाका के पास उक्त चोरी किए वाहन को छुपा के रखना पाए जाने पर आरोपी करण नाग को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा घटना कबूल करते हुये चोरी किए वाहन पिकअप क्रमांक सीजी 17 एलसी 6937 कीमत 12 लाख रूपए को छुपाये स्थान से पेश करने पर चोरी किए वाहन विधिवत जब्त किया गया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रमोद ठाकुर, प्रधान आरक्षक राजू टोप्पो, विनोद चांदने, आरक्षक सोनू गौतम, कृष्णा नेताम व राजू बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पिछड़ा वर्ग अधिकारी...

दुनिया की सबसे बड़ी खुशी है। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव नीलमणी साहू तथा आभार प्रदर्शन ब्लाक अध्यक्ष सितेंद्र साहू ने किया। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने बच्चों के साथ न्योता भोज किया।

इनकी रही मौजूदगी: इस दौरान पूर्व जनपद सदस्य भोलानाथ नाग, भाजपा युवा नेता नरेन्द्र सेठिया, एपीसी जयनारायण पाणिग्राही, संघ के जिला कोषाध्यक्ष मनीष अहीर, उप प्राचार्य जीवन लाल साहू, खेमसिंह ठाकुर, हेमराज कश्यप, सुखचन्द नाग, श्रीमती सींगा कश्यप, श्रीमती नंविना सूर्यवंशी श्रीमती रत्ना नाग, प्रधान अध्यापक सुश्री संगीता नेताम, शिक्षकगण निमाई चरण साहू, कमल लोचन, अत्यंत कुमार बैंगा सहित बडी संख्या में पालकगण मौजूद रहे।

### केन्द्रीय जेल की ...

की जा रही थी इसी दौरान उसे नारायणपुर से घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी को न्यायायल में पेश कर एक बार फिर केन्द्रीय जेल निरूद्ध किया गया।

## खबर संक्षेप

### संक्रामक रोगों से रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग मुस्तैद

**दंतेवाड़ा।** वर्षा ऋतु के दौरान संभावित बाढ़ एवं जल जनित वेक्टर जनित तथा अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थानों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। आमजन को किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। संभावित बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हांकन कर वहां स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

# जर्जर पानी टंकी से पेयजल संकट, ग्रामीणों ने विधायक से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा/भोंड

बस्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगनार में पंचायत भवन के समीप स्थित लगभग 15 वर्ष पुरानी पानी टंकी के जर्जर होने से गांव में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। टंकी की खराब स्थिति के कारण पानी का रिसाव होकर सड़क पर बह

- ग्रामीणों के घरों तक नियमित पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही

जाता है, जिससे टंकी में पर्याप्त जल भराव नहीं हो पाता और ग्रामीणों के घरों तक नियमित पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। इससे ग्रामवासियों को पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत मंगनार के ग्रामीणों ने बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया।

## पीएचई अधिकारियों को तत्काल मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के दिए निर्देश



ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से पानी टंकी जर्जर अवस्था में है, लेकिन आज तक इसकी मरम्मत या जीर्णोद्धार नहीं कराया गया। टंकी से लगातार पानी रिसने के कारण पर्याप्त मात्रा में पानी संग्रहित नहीं हो पाता, जिससे गांव के अनेक घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। भीषण गर्मी के साथ-साथ अब मानसून के दौरान भी ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान उपसरपंच जगूराम नेताम, पंच मगलू राम कश्यप, बेनीराम बघेल, तपेश्वर देवांगन, गौचन देवांगन, धरमु राम बघेल, गुनीराम तथा सेमलाल बघेल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने विधायक से मांग की कि गांव की पुरानी पानी टंकी का शीघ्र जीर्णोद्धार कराया जाए ताकि ग्रामीणों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद विधायक लखेश्वर बघेल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जर्जर पानी टंकी का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं जीर्णोद्धार की प्रक्रिया बिना विलंब प्रारंभ की जाए, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र राहत मिल सके।

### ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी

विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और इसे उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र के अनेक गांवों में आज भी पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस संबंध में वे लगातार राज्य सरकार को पत्र लिखकर तथा विधानसभा के माध्यम से ध्यान आकर्षित करते रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में संपन्न मानसून सत्र में भी उन्होंने बस्तर अंचल की पेयजल समस्या को प्रमुखता से उठाया, लेकिन सरकार केवल कागजों में योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का दावा कर रही है। वास्तविकता यह है कि कई गांवों में जल जीवन मिशन और अन्य पेयजल योजनाओं का लाभ लोगों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाया है। जमीनी स्तर पर कार्यों में गंभीर लापरवाही और खानापूर्ति देखने को मिल रही है, जिसका खामियाजा आम ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत मंगनार की पानी टंकी के जीर्णोद्धार और पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए वे लगातार विभागीय अधिकारियों से मॉनिटरिंग करेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर शासन स्तर पर भी इस मुद्दे को मजबूती से उठाएंगे। जब तक ग्रामीणों को नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो जाता, तब तक वे इस विषय को लगातार उठाते रहेंगे।

---

बैठक में अधिकारियों को दो टूक, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

# अंतिम व्यक्ति तक योजना पहुंचाने कलेक्टर ने दिया विकास का मंत्र






हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

शासन की योजनाएं केवल फाइलों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक हर हाल में पहुंचे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, देरी या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उक्त बातें कलेक्टर अमित कुमार ने कोंटा में आयोजित बैठक में कही।

- दूरस्थ क्षेत्रों के विकास को मिशन मोड में तेज करने के निर्देश

नक्सल प्रभावित और दूरस्थ अंचलों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में सुकमा जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में कलेक्टर अमित कुमार ने बुधवार को जनपद पंचायत कोंटा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की मैराथन समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि शासन की योजनाएं केवल फाइलों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक हर हाल में पहुंचे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, देरी या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बैठक में सामने आया कि कोंटा विकासखंड में मनरेगा के तहत 17,768 सक्रिय श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें से 14,424 का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है। एक जुलाई 2026 से अब तक 84,689 मानव दिवस का सृजन कर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

कलेक्टर ने शेष श्रमिकों का ई-केवाईसी शीघ्र पूरा करने और रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। ग्रामीण संपर्क मार्गों को मजबूत बनाने के लिए 26 ग्राम पंचायतों में 41 बड़े धरसा निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिन पर लगभग 623 लाख़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

### अधिकारी फील्ड में जाकर कार्यों की करें निगरानी

बैठक के दौरान कलेक्टर अमित कुमार ने निर्माण एजेंसियों, जनपद अधिकारियों, पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों को निर्देश दिए कि बारिश के मौसम में भी जहां संभव हो विकास कार्यों की गति बनी रहे। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं होगा। प्रत्येक अधिकारी स्वयं फील्ड में जाकर कार्यों की निगरानी करें और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

### चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में अब विकास कार्यों की रफ्तार

कलेक्टर अमित कुमार के सत्त दौरे स्पष्ट संकेत देती है कि सुकमा के दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में अब विकास कार्यों की रफ्तार तेज करने, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता और गंभीरता के साथ काम कर रहा है।

### समय पर सभी को मिले पक्का आवास

कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि सड़क और बुनियादी ढांचा मजबूत होने से गांवों की अर्थव्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन में सुकमा जिला प्रदेश में चौथे और बस्तर संभाग में दूसरे स्थान पर है। इस उपलब्धि पर संतोष जताते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार को समय पर पक्का आवास उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

### तय मिशन मोड में करें काम

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकुर की मौजूदगी में हुई इस समीक्षा बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), धरसा विकास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, नियद नेल्लानार, बिहान और लखपति दीदी जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने प्रत्येक योजना की जमीनी स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समयबद्ध लक्ष्य तय कर मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिए।

### महिलाओं की आय में हो वृद्धि

महिला आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी कोंटा ब्लॉक लगातार आगे बढ़ रहा है। बिहान योजना के तहत यहां 74 प्रतिशत परिवारों को 1,474 स्व-सहायता समूहों से जोड़ा जा चुका है। वहीं लखपति दीदी योजना में 1,229 के लक्ष्य के मुकाबले 1,211 महिलाओं का पंजीयन पोर्टल पर किया जा चुका है। ग्राम पंचायत चिंतलनार में स्थापित हो रही दंडकारण्य फूड्स इमली प्रसंस्करण इकाई से लगभग 1,000 महिलाओं को जोड़ने की तैयारी है, जिससे स्थानीय महिलाओं की आय में वृद्धि के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### तय समय सीमा में पूरा करे कार्य

दूरस्थ गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए संचालित नियद नेल्लानार योजना के तहत 6,175 व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत किए गए हैं। वहीं पुवर्ती, पोटकपल्ली, मंडीमरका और सिलगेर जैसे अंदरूनी गांवों में 12 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया जाएगा। कलेक्टर ने इन कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

### पीड़िया अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा



**बीजापुर।** जिले की गंगालूर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पीड़िया जिसे कभी नक्सलवाद का गढ़ व नक्सलवाद की यूनिवर्सिटी के रूप में जाना जाता था, आज विकास की नई कहानी लिख रहा है। वर्षों तक सुरक्षा कारणों से शासन-प्रशासन की पहुंच से दूर रहा यह गांव अब धीरे-धीरे विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है। 31 मार्च 2026 के बाद परिस्थितियों में आए सकारात्मक बदलाव तथा आवागमन के लिए कच्चे मार्ग बनने से प्रशासन की नियमित पहुंच संभव हो सकी है।

इसी क्रम में ग्रामीणों को शासन की मूलभूत सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत पीड़िया में विशेष आधार नामांकन एवं अद्यतन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन तहसीलदार गंगालूर भोजराम डहरिया एवं नायब तहसीलदार बीजापुर रवेन्द्र सिन्हा के मार्गदर्शन में किया गया। दूरस्थ एवं नेटवर्क विहीन क्षेत्र होने के बावजूद ग्रामीणों में शिविर को लेकर उत्साह देखने को मिला।

# चिंतालूर पोटाकेबिन की 54 छात्राओं को मिली साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



शासन की सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत आज कन्या हाई स्कूल पोटाकेबिन चितालूर में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने

- छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में होगी सुविधा

अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में विद्यालय की 54 छात्राओं को साइकिल वितरित की।

कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना, उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है। छात्राओं ने भी साइकिल प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की और शासन के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं शिक्षक, शिक्षिकाएं, व छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।

### शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे बड़ी कुंजी

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। राज्य सरकार छात्राओं को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरस्वती साइकिल योजना से दूर-दराज क्षेत्रों की बेटियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित नहीं होगी। उन्होंने छात्राओं से मेहनत और लगन के साथ अध्ययन कर अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया।

### बेटियों की शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि बेटियों की शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है। शासन की विभिन्न योजनाएं छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने छात्राओं से साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने, नियमित विद्यालय आने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने परिवार और जिले का नाम रोशन करने की अपील की।

# विद्यार्थियों ने नीट में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले की आवासीय कोचिंग संस्था छू लो आसमान ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी गुणवत्ता सिद्ध की है। संस्था के बालूद एवं कारली केंद्रों के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर दंतेवाड़ा जिले का नाम प्रदेशभर में गौरवान्वित किया है।

ज्ञात हो कि प्राप्त परिणामों के अनुसार, बालूद केंद्र से 65 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 25 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इनमें 9 विद्यार्थियों ने 340 से अधिक अंक अर्जित कर एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लगभग सुनिश्चित किया है, जबकि 5 विद्यार्थियों का बीडीएस, बीएएमएस एवं पशु चिकित्सा सहित अन्य चिकित्सा पाठ्यक्रमों में चयन सुनिश्चित माना जा रहा है। इसी प्रकार कारली केंद्र से 93 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 27 विद्यार्थी सफल रहे। इनमें 2 विद्यार्थियों का एमबीबीएस पाठ्यक्रम तथा 6 विद्यार्थियों का बीडीएस, बीएएमएस एवं अन्य चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश सुनिश्चित माना जा रहा है।

इस प्रकार इन दोनों केंद्रों को मिलाकर कुल 158 विद्यार्थियों ने नीट 2026 की परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 52 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इनमें 11 विद्यार्थियों का एमबीबीएस तथा 11 विद्यार्थियों का बीडीएस, बीएएमएस एवं पशु चिकित्सा सहित अन्य चिकित्सा पाठ्यक्रमों में चयन सुनिश्चित हुआ है। यह उपलब्धि जिले में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है।

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने एमबीबीएस सहित विभिन्न चिकित्सा एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में चयनित सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। आने वाले समय में जिले में चिकित्सा प्रवेश परीक्षाओं की उच्च स्तरीय कोचिंग सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि स्थानीय विद्यार्थियों को बेहतर अवसर मिल सकें। साथ ही मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ने से जिले की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी तथा क्षेत्रवासियों को बेहतर उपचार की सुविधा प्राप्त होगी।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं छू लो आसमान नोडल अधिकारी वेंकट ताती, अधीक्षक राज पाल, अधीक्षिका रविन्द्र सैनी सहित छू आसमान संस्था अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सीईओ ने बायोगैस प्लांटों का किया निरीक्षण



**दंतेवाड़ा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एम. भार्गव ने बुधवार को ग्राम टेकनार एवं चितालंका में स्थापित बायोगैस प्लांटों का निरीक्षण कर उनकी कार्यप्रणाली, संचालन एवं रखरखाव की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गैस उत्पादन, जैविक खाद निर्माण तथा प्लांट की उपयोगिता का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीईओ ने बायोगैस प्लांट से जुड़े हितग्राहियों से संवाद करते हुए उन्हें प्रतिदिन नियमित रूप से गोबर प्लांट में डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से गोबर डालने से बायोगैस का उत्पादन निरंतर बना रहेगा, जिससे स्वच्छ ईंधन के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद भी तैयार होगी। इससे किसानों की रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी और कृषि लागत में भी कमी आएगी।

### पामेड़-रासपल्ली सड़क बनने से ग्रामीणों को मिली राहत



**बीजापुर।** उसूर विकासखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित पामेड़-रासपल्ली सड़क के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। वर्ष 2016-17 बैच-2 में स्वीकृत 10 किलोमीटर लंबी इस सड़क का मुरुमीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे लंबे समय से आवागमन की समस्या झेल रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। पूर्व में यह मार्ग घने जंगलों से होकर गुजरने वाली पगडंडी था और क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील माना जाता था। पामेड़ पहुंचने के लिए ग्रामीणों को तेलंगाना के चेरला होते हुए लगभग 230 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय और संसाधनों दोनों की भारी कठिनाई होती थी। सड़क निर्माण के बाद अब ग्रामीण सीधे पामेड़-रासपल्ली मार्ग से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच रहे हैं।

# 26 गांवों के ग्रामीण खिलाड़ियों को मिलेगा हुनर दिखाने का बड़ा मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला क्षेत्र में खेल और खिलाड़ियों के लिए एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। नवरत्न कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत 23 से 26 जुलाई तक 'बैलाडीला कबड्डी लीग' का भव्य आयोजन करने जा रही है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचान दिलाना, उन्हें तराशना और एक बेहतर मंच प्रदान करना है।

इस कबड्डी लीग में बचेली और किरंदुल क्षेत्र की कुल 26 ग्राम पंचायतों की 24 टीमें आमने-सामने होंगी। बचेली क्षेत्र से मोलसनार, दुगेली, पाढ़ापुर, बेनपाल, बड़े कमेली, कमालूर, झिरका, धुरली, गामावाड़ा, नेरली, बड़े बचेली, मसेनार, गंजेनार एवं भांसी। किरंदुल क्षेत्र से कोडेनार, कड़मपाल, मदाड़ी, चोलनार, टिकनपाल, कलेपाल, समलवार, मड़कामिरास, हिरोली, कुटरेम, गुमियापाल एवं तनेली।

मौसम को ध्यान में रखते हुए और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देने के लिए आयोजकों द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं।

बारिश और धूप से बचाव के लिए वाटरप्रूफ जर्मन हैंगर लगाया गया है। खिलाड़ियों को चोट से बचाने और आधुनिक खेल अनुभव देने के लिए मैदान में सिंथेटिक रबर मैट बिछाई जा रही है। एनएमडीसी द्वारा सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट और आवश्यक खेल सामग्री प्रदान की जाएगी। लीग मुकाबले किरंदुल स्थित फुटबॉल स्टेडियम और बचेली के हॉकी मैदान में आयोजित होंगे। उद्घाटन एवं समापन समारोह एनएमडीसी टाउनशिप बचेली स्थित हॉकी मैदान में आयोजित किया जाएगा।

प्रतियोगिता के दौरान संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, जन प्रतिनिधि, एनएमडीसी हैदराबाद मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, किरंदुल व बचेली परियोजनाओं के शीर्ष अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रम संघों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। समापन समारोह में विजेता, उप-विजेता और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

### प्राथमिक शाला में हाथ धुलाई कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा।** स्वच्छ भारत 2.0 के अंतर्गत जल-जनित तथा वेक्टर जनित बीमारियों के रोकथाम हेतु सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अंतर्गत नगर पंचायत बारसूर अंतर्गत प्राथमिक शाला मुण्डाटिकरा में हाथ धुलाई कार्यक्रम कर जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अस्वच्छ हाथ में कई तरह के कीटाणु बैक्टीरिया लगे होते है, एवं अस्वच्छ हाथ से किसी भी चीज को खाए जाने पर हमारे शरीर में कई तरह की गंभीर बीमारियां होती है। इसी अनुक्रम में भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्धेश्य स्वच्छता, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छ व्यवहार तथा जन-जागरूकता को बढ़ाते हुए जल-जनित रोगों के रोकथाम हेतु स्वच्छता को अपनाना है। इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा अपील की गई है कि प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करें, प्रतिबंधित सिंगल यूज सामग्री के निर्माण, परिवहन, एवं आपूर्ति न की जाए।

# महारानी अस्पताल से डिमरापाल तक सिटी बस चलाने की मांग

## पूर्व विधायक ने कलेक्टर से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



महारानी अस्पताल से डिमरापाल मेडिकल कॉलेज एवं कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल आने-जाने में मरीजों एवं परिजनों को हो रही परेशानियों को लेकर पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप ने कलेक्टर से चर्चा की। डॉ. कश्यप ने बताया कि महारानी अस्पताल जगदलपुर में भर्ती मरीजों को चेकअप या रिफर के बाद डिमरापाल मेडिकल कॉलेज जाना पड़ता है। वाहन सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से महारानी अस्पताल से डिमरापाल तक सिटी बस सेवा निरंतर चलाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर जिलों से आने वाले मरीजों की समस्या भी रखी। इन क्षेत्रों के कई मरीजों को हिंदी भाषा का ज्ञान नहीं होता और वे हल्बी या गोंडी भाषा में बात करते हैं।

ऐसे में डॉक्टर से संवाद में दिक्कत आती है। इसको देखते हुए उन्होंने अस्पताल में स्थानीय भाषा का ज्ञान रखने वाले एक व्यक्ति की नियुक्ति की मांग की, जो मरीजों की समस्या सुनकर डॉक्टर तक पहुंचा सके। पूर्व विधायक ने कहा कि इस व्यवस्था से ग्रामीण मरीज अपनी समस्या आसानी से बता सकेंगे और समय पर इलाज मिल सकेगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**//उद्घोषणा//**

राजस्व प्रकरण क्रं/ ब-121/ 202606152300045/2025-26
ग्राम मांदर प.ह.नं. 11

एतद् द्वारा जनता को सूचित किया जाता है, यह कि आवेदक द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, का मूलप्रति एवं आधार कार्ड, राशन कार्ड, अंकसूची की छायाप्रति के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। आवेदक चिंगडू पिता समदु जाति मुरिया, निवासी ग्राम मांदर अपनी पुत्री लखेश्वरी बघेल पिता चिंगडू का जन्म तिथि 18/09/2007 को उल्लेखित है। जिसकी पेशी तिथि 31/07/2026 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाषक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उद्घोषणा जारी किया गया ।

मुहर

नायब तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा

## खबर संक्षेप

### परामर्शदात्री समिति बैठक में होगा समस्याओं का समाधान

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छीकारा ने कर्मचारियों की सुध लेते हुए कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक रखी है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला बस्तर के अध्यक्ष गजेन्द्र श्रीवास्तव ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ गत महीने कलेक्टर बस्तर से भेंट कर जिले के सभी विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण की पहल हेतु आवश्यक जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आहूत करने की मांग रखी थी। जिसे कलेक्टर ने सहर्ष स्वीकार करते हुए आगामी माह में बैठक करने की बात कही। इसके अनुसार 24 जुलाई को प्रेरणा हाल में कलेक्टर की अध्यक्षता में बस्तर जिले के विभिन्न शासकीय कर्मचारी संघ के साथ विभिन्न विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर कर्मचारियों की मांग, समस्या का निराकरण किया जाएगा।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय में रोपे गए पौधे



**जगदलपुर।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोडेनार में विद्यालय के प्राचार्य जी शिवा रेड्डी के नेतृत्व में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य जी. शिवा रेड्डी ने कहा कि पेड़ केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के पालन-पोषण का आधार हैं। वृक्ष हमें शुद्ध वायु, जल संरक्षण, भोजन, औषधि और जीवन प्रदान करते हैं। यदि हम आज अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे और उनकी देखभाल करेंगे, तो हमारी आने वाली पीढ़ियाँ सुरक्षित, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य प्राप्त करेंगी। विद्यालय परिवार ने पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया। पूरे विद्यालय परिसर में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए यह कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक एवं सफल रहा। स्थानीय लोगों ने भी विद्यालय की इस पर्यावरण हितैषी पहल की सराहना की।

### 9वीं में प्रवेश के लिए 22 जुलाई से 5 अगस्त तक काउंसलिंग

**जगदलपुर।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात विभागीय वेबसाइट पर काउन्सलिंग हेतु छात्र-छात्राओं की सूची एवं तिथि प्रदर्शित की गयी है। जिसमें प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु 22 जुलाई से 5 अगस्त तक काउन्सलिंग की तिथि निर्धारित की गई है, प्रयास आवासीय विद्यालयों में 11 बजे से शाम 4 बजे तक रखा गया है।

# तकनीकी रूप से दक्ष होकर गांवों में सेवाएं दे रहे नल जल मित्र

## ग्रामीणों को पेयजल समस्याओं से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित और नियमित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की पहल से प्रशिक्षित 'नल जल मित्र' अब गांवों में जल प्रदाय योजनाओं और हैंडपंपों के संधारण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। जिले में विभाग द्वारा नल जल मित्रों को लाईवलीहुड कालेज में आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे तकनीकी रूप से दक्ष होकर ग्राम पंचायतों में बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें।

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक तीन प्रशिक्षण बैचों में 90 नल जल मित्रों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये नल जल मित्र अपने-अपने ग्राम पंचायत क्षेत्रों में नल-जल योजनाओं के संचालन, पाइपलाइन की छोटी-मोटी मरम्मत, लीकेज सुधार, मोटर एवं वाल्व की देखरेख तथा हैंडपंपों के नियमित संधारण का कार्य कर रहे हैं। इससे ग्रामीणों को पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान मिल रहा है और जल योजनाओं का संचालन भी अधिक प्रभावी हुआ है।



### जल संधारण से युवाओं को रोजगार

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का उद्देश्य प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्थानीय स्तर पर ऐसे प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करना है, जो पेयजल योजनाओं के रखरखाव की जिम्मेदारी स्वयं निभा सकें। इससे छोटी-छोटी तकनीकी खराबियों के लिए बाहरी कर्मचारियों पर निर्भरता कम होगी, योजनाएं लंबे समय तक सुचारू रूप से संचालित होंगी तथा ग्रामीणों को नियमित और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। यह पहल न केवल ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को मजबूत बना रही है, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध करा रही है। प्रशिक्षित नल जल मित्र आज गांवों में जल संरक्षण और पेयजल प्रबंधन के भरोसेमंद साथी के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

ग्राम पंचायतों द्वारा इन नल जल मित्रों को जल प्रदाय योजनाओं और हैंडपंपों के रखरखाव के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही प्रशिक्षण से प्राप्त तकनीकी दक्षता के आधार पर कई नल जल मित्र क्षेत्र के कस्बों एवं गांवों में प्लम्बर के अतिरिक्त कार्य भी कर रहे हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय का स्त्रोत भी मिला है। जिले के बकावंड विकासखंड अतंर्गत कोदामालीगुड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच समदूराम कश्यप बताते हैं कि नल जल मित्र फूलसिंह नेताम की बेहतर सेवाओं के फलस्वरूप अब उनके यहां जल स्त्रोतों का बढ़िया रख-रखाव हो रहा है। वहीं लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के कोड़ेबेड़ा सरपंच दुलबंधु कश्यप कहते हैं कि गांव में पेयजल योजनाओं और हैंडपंप के संधारण के साथ ही ग्रामीणों को जागरूक करने में नल जल मित्र मोतीराम ठाकुर अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## कोंटा और मरईगुड़ा थाने का आकस्मिक निरीक्षण, अभिलेखों से लेकर शस्त्रागार तक की जांच

# कानून-व्यवस्था मजबूत करने सीमावर्ती और संवेदनशील थानों में पहुंचे एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

आधुनिक पुलिसिंग का आधार केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि अपराधों की रोकथाम, सतत निगरानी और जनता के साथ विश्वास का मजबूत रिश्ता कायम करना भी है। उक्त बातें पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने थाना प्रभारियों से कही।

■ इंजरम सड़क हादसा स्थल का भी लिया जायजा

जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित शाह के साथ सीमावर्ती एवं संवेदनशील थाना कोंटा और थाना मरईगुड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया। अचानक हुए इस निरीक्षण से पुलिस महकमे में पूरे समय सक्रियता का माहौल बना रहा।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने थाना परिसर की कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मुहर्रिर शाखा, सीसीटीएनएस शाखा, मालखाना, शस्त्रागार सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। थानों में संधारित रजिस्टरों, अभिलेखों और दस्तावेजों की जांच करते हुए उन्होंने रिकॉर्ड संधारण में शुद्धता, समयबद्ध अद्यतन और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### आमजन की शिकायतों का तत्काल करें समाधान

एसपी मयंक गुर्जर ने थाना प्रभारियों और पुलिस कर्मियों से कहा कि आधुनिक पुलिसिंग का आधार केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि अपराधों की रोकथाम, सतत निगरानी और जनता के साथ विश्वास का मजबूत रिश्ता कायम करना भी है। उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निराकरण, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, नियमित गश्त, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी तथा आमजन की शिकायतों का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया।



### पूरी जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ करें कार्य

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री गुर्जर ने पुलिस बल की अनुशासन व्यवस्था, संसाधनों के रखरखाव और शस्त्रों के सुरक्षित संधारण की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी पुलिस संसाधनों का उपयोग पूरी जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ किया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### दौरा सक्रिय और जवाबदेह पुलिसिंग का महत्वपूर्ण हिस्सा


पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले के सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी, नियमित निरीक्षण और प्रभावी निगरानी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करें, शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें और अपराधियों के विरुद्ध लगातार कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रखें। सुकमा पुलिस द्वारा जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, बेहतर पुलिसिंग को बढ़ावा देने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार आकस्मिक निरीक्षण, समीक्षा और फील्ड मॉनिटरिंग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर का यह दौरा इसी सक्रिय और जवाबदेह पुलिसिंग का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

### दुर्घटना के संभावित कारणों की ली जानकारी

थाने के निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ग्राम इंजरम पहुंचे, जहां हाल ही में हुई कार और ट्रक की सड़क दुर्घटना के स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से अवलोकन कर दुर्घटना के संभावित कारणों की जानकारी ली तथा थाना प्रभारी को निष्पक्ष जांच, आवश्यक कानूनी कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सड़क सुरक्षा संबंधी प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

# भर्तियां निष्पक्ष और पारदर्शी हों कार्य परिषद में उठाऊंगा मुद्दा : बैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ विश्वविद्यालय की भर्तियों में शंकाओं को लेकर कार्य परिषद सदस्य ने जताई चिंता

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर की कार्य परिषद के सदस्य ठाकुर अजय सिंह बैस ने कहा है कि विश्वविद्यालय में होने वाली सभी नियुक्तियां पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं योग्यता के आधार पर संपन्न होनी चाहिए, जिससे युवाओं का विश्वास विश्वविद्यालय की भर्ती प्रक्रिया पर बना रहे।

उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में विभिन्न समाचार पत्रों, जनप्रतिनिधियों तथा सोशल मीडिया के माध्यम से विश्वविद्यालय की प्रस्तावित भर्तियों को लेकर अनेक प्रश्न एवं शंकाएं व्यक्त की गई हैं। इन विषयों को गंभीरता से लेते हुए वे आगामी कार्य परिषद की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगे तथा भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए आवश्यक सुझाव रखेंगे।

बैस ने कहा कि वे कार्य परिषद के अन्य सम्मानित सदस्यों, विधायक गण, जनप्रतिनिधियों तथा कुलपति से भी इस विषय पर विस्तृत चर्चा करेंगे, ताकि भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके और भविष्य में किसी प्रकार के संदेह या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

उन्होंने कहा कि बस्तर अंचल के स्थानीय युवाओं सहित सभी पात्र अभ्यर्थियों को समान अवसर मिलना चाहिए तथा चयन प्रक्रिया पूरी तरह नियमों, योग्यता और पारदर्शिता के आधार पर संपन्न हो। विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा तभी और मजबूत होगी, जब प्रत्येक अभ्यर्थी को यह विश्वास होगा कि उसके साथ न्यायपूर्ण व्यवहार किया गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी अभ्यर्थी या नागरिक के मन में भर्ती प्रक्रिया को लेकर कोई शंका हो, तो विश्वविद्यालय की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि उसे तथ्यों के आधार पर संतोषजनक जानकारी प्राप्त हो सके। पारदर्शिता ही किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता का आधार है और शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय को इसी भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। बस्तर विवि से न केवल शिक्षा हेतु अपितु समस्त बस्तर वासी, पूर्व छात्र, अभिभावक गण शैक्षिणक और भावनात्मक रूप से जुड़े हुए है अतः यह विषय और संवेदनशील हो जाता है अतः पूरी प्रक्रियाओं में इतनी पारदर्शिता का समावेश हो कि प्रत्येक व्यक्ति संतुष्ट और विश्वसनीयता प्रामाणिक रूप से सिद्ध हो।

बैस ने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय प्रशासन एवं कार्य परिषद के सामूहिक प्रयासों से ऐसी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी, जो निष्पक्ष, पारदर्शी, नियमसम्मत तथा युवाओं के हितों के अनुरूप हो।

# मेकाज की डॉ. राखी पटेल बनीं एमबीबीएस में प्रदेश की टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



मेकाज के डीन डॉ. प्रदीप बेक, अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू ने बताया कि आयुष यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित एमबीबीएस अंतिम पार्ट दो वार्षिक परीक्षा वर्ष 2026 में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं 4 निजी महाविद्यालय के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। इस परीक्षा में स्व. बलिराम कश्यप स्मिृति चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल जगदलपुर की (वर्ष 2021) की छात्रा डॉ. राखी पटेल पूरे प्रदेश में अव्वल रही। डॉ. पटेल ने बताया कि वर्ष 2021 बैच की अंतिम वर्ष की परीक्षा में 76 प्रतिशत के साथ युनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त करने की उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता को देना चाहूंगी, जिनके त्याग, विश्वास और निरंतर प्रोत्साहन ने हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि सफलता किसी एक दिन की मेहनत का परिणाम नहीं होती, बल्कि वर्षों की निरंतरता, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रतिफल होती है। आने वाले विद्यार्थियों से कहा कि अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें, नियमित अध्ययन करें, असफलताओं से घबराएं नहीं और सीखते रहने की आदत बनाए रखें याद रहे हमारी शिक्षा 100 मीटर की दौड़ नहीं बल्कि मैराथन है तो बस चलते रहें। साथ ही पढ़ाई के साथ अपने स्वास्थ्य, परिवार और जीवन के सुंदर पलों को भी महत्व दें।




# पुराने कृषि उपज मंडी परिसर में बनेगा सेंड्रीशॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के पुराने कृषि उपज मंडी परिसरों में व्यावसायिक सुविधाओं के विस्तार और किसानों-व्यापारियों की सुविधा के लिए सेंड्री शॉप्स बनेगी। इन दुकानों का उद्देश्य कृषि और दैनिक उपयोग से जुड़े सामान जैसे- बीज, उर्वरक, दवाइयां और खुदरा कृषि सामग्री एक ही जगह उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सीसी सड़क, नाली, पार्किंग, मिटिंग हॉल, शौचालय, कैं टिन, नलकूप, पानी टंकी आदि का निर्माण किया जाएगा। यहां पर सेंड्री शॉप्स निर्माण होने से किसानों को अपनी उपज बेचने के साथ ही कृषि से जुड़ी जरूरत का सामान और अन्य छोटी जरूरतें एक ही जगह मिल जाएगी। इन निर्माण कार्यों से मंडी समितियों की आय बढ़ेगी और बुनियादी ढांचा मजबूत होगा। इसके लिए मंडी के निर्माण शाखा के एसडीओ की ओर से प्रस्ताव बनाकर मंडी के मुख्यालय को भेजा गया है।

### स्वीकृति के बाद होगा निर्माण

मंडी बोर्ड निर्माण शाखा के एसडीओ योगेश चन्द्राकर ने बताया कि यह प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया है। स्वीकृति होने के बाद डिजाइन के बाद टेंडर कर निर्माण किया जाएगा।

# तेंदूपत्ता की रिकॉर्ड दरें वनवासियों की आर्थिक समृद्धि का आधार: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन मंत्री केदार कश्यप ने बीजापुर जिला यूनियन द्वारा तेंदूपत्ता नीलामी में वर्षों का सर्वाधिक रिकॉर्ड मूल्य प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी तेंदूपत्ता संग्राहकों, प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों तथा वन विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि वनाधारित आजीविका को सशक्त बनाने और वनवासी परिवारों की आर्थिक समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मंत्री कश्यप ने कहा कि बीजापुर जिला यूनियन की 28 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के अंतर्गत 45 तेंदूपत्ता लॉटों का विभागीय संग्रहण किया गया, जिनमें से 36 लॉटों पर प्रतिस्पर्धात्मक निविदाएँ प्राप्त हुईं। 4 लॉटों को 10 हजार रुपए प्रति मानक बोरा से अधिक, 8 लॉटों को 9 हजार रुपए से अधिक, 4 लॉटों को 8 हजार रुपए, 10 लॉटों को 7 हजार रुपए से अधिक तथा शेष लॉटों को भी उत्कृष्ट दरें प्राप्त हुईं। यह वर्षों में बीजापुर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल है। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण की गुणवत्ता, वैज्ञानिक उपचार, सुव्यवस्थित भंडारण और पारदर्शी नीलामी व्यवस्था के कारण बीजापुर को यह ऐतिहासिक सफलता मिली है। इससे हजारों संग्राहक परिवारों को बेहतर आर्थिक लाभ मिलेगा तथा बोनस के रूप में भी उन्हें अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा।



■ नई तेंदूपत्ता नीति और गुणवत्तापूर्ण संग्रहण का मिला शानदार परिणाम

मंत्री ने कहा कि बीजापुर ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामूहिक प्रयास, गुणवत्तापूर्ण कार्यप्रणाली और पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से वनाधारित अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। यह उपलब्धि प्रदेश के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने बीजापुर जिला यूनियन की सभी 28 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों, तेंदूपत्ता संग्राहकों, स्थानीय ग्रामीणों, समिति पदाधिकारियों तथा वन विभाग के मैदानी अमले को इस ऐतिहासिक सफलता पर बधाई दीं और विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भी बीजापुर नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, जिला यूनियन बीजापुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा सभी प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के पदाधिकारियों के योगदान की भी सराहना की।

## छिंदगांव की सुमनी कश्यप बनीं ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा

# पारंपरिक खेती छोड़ सीमेंट ईंट उद्योग से चमकी किस्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले के बकावंड ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहकापाल के आश्रित गांव छिंदगांव की रहने वाली सुमनी कश्यप आज ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का एक नया प्रतीक बनकर उभरी हैं। कभी केवल पारंपरिक खेती-किसानी तक सीमित रहने वाली सुमनी ने अपनी मेहनत, सूझबूझ और स्व-सहायता समूह के सहयोग से सीमेंट ईंट निर्माण का एक सफल व्यवसाय खड़ा कर दिया है। स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें गांव और आसपास के क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना व अन्य निर्माण कार्यों हेतु ईंटों की बढ़ती मांग का पता चला, जिसने उन्हें इस उद्योग की शुरुआत करने के लिए प्रेरित किया।

इस व्यवसाय को शुरू करने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के 'नॉन-फॉर्म' (गैर-कृषि आधारित आजीविका गतिविधि) घटक के तहत संकुल संगठन से 5 लाख रुपये की सीड कैपिटल उपलब्ध कराई गई। प्राप्त सहायता के साथ सुमनी ने स्वयं व समूह के माध्यम से लगभग डेढ़ लाख रुपये का अतिरिक्त निवेश किया। कुल साढ़े छह लाख रुपये से अधिक की लागत से मशीनरी, शेड और फर्श निर्माण जैसी व्यवस्थाएं जुटाकर बीते अप्रैल माह से सीमेंट ईंटों का निर्माण विधिवत शुरू किया गया। ईंट बनाने के लिए आवश्यक डस्ट और गिट्टी जैसे कच्चे माल की आपूर्ति जगदलपुर व बालेंगा क्षेत्र से आसानी से हो जाती है। क्षेत्र में आवास निर्माण की अधिकता के कारण सुमनी द्वारा बनाई गई ईंटों की मांग इतनी ज्यादा है कि माल तैयार होते ही ग्राहक सीधे निर्माण स्थल से आकर ईंट ले जाते हैं। वे मात्र तीन महीनों के भीतर ही 20 ट्राली ईंटें बेच चुकी हैं।




आर्थिक रूप से सक्षम होने के बाद सुमनी कश्यप अब अपने बच्चों के भविष्य को भी बेहतर आकार दे पा रही हैं। उनकी बड़ी बेटी 12वीं पास करने के बाद जगदलपुर से कंप्यूटर कोर्स करने के साथ-साथ कृषि प्रवेश परीक्षा (पीएटी) की तैयारी कर रही है, जबकि उनके दो छोटे बेटे क्रमशः सातवीं और पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत हैं।

### मानदेय से उद्यमिता तक का सफर

सुमनी अपनी सफलता को साझा करते हुए कहती हैं कि स्व-सहायता समूह में जेंडर मास्टर के रूप में 5 हजार रुपए मानदेय पर कार्य करने और अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली के कारण सुमनी को दिल्ली तक जाने और पहचान बनाने का अवसर भी प्राप्त हुआ है। खेती, दुकान और मछली पालन के बाद अब सीमेंट ईंट निर्माण से आत्मनिर्भर बनीं सुमनी कश्यप की यह सफलता दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो ग्रामीण महिलाएं अर्थव्यवस्था की मजबूत धुरी बन सकती हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com




30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करेंः-7354-411411